FERTILIZERS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) and (b) Investment approval for IPCL's Gandhar Petrochemical project was accorded in March, 1992. IPCL has reported that the work on implementation of the project is proceeding with site grading, construction power, construction water, godowns, site office, etc. completed. Work is in progress on permanent power and raw water supply. Detailed engineering for the phase-I of the project is in advanced stage. According to the IPCL, the first phase is scheduled for mechanical completion by March, 1996.

नाइट्रोजन, फास्फेट और पोटाश, (एन० पी० एंड के०) उर्वरकों की कमी/ आयात

2278. **श्री कनकसिंह मोहन सिंह मंगरोला :**

श्री आस मोहम्मद :

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में नाइट्रोजन, फास्फेट और पोटाश उर्वरकों की कमी है और इनका आयात करके इनकी मांग को पूरा किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक उर्वरक का प्रतिवर्ष कितना आयात किया गया और इस पर कितनी विदेशी मुद्रा व्यय की गई; और

(ग) सरकार इन उर्वरकों का आयात किस प्रक्रिया के अंतर्गत कर रही है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फलेरियो) : (क) और (ख) मांग और उर्वरकों की स्वदेशी उपलब्धता के बीच के अन्तर को आयातों से पूरा किया जाता है। वर्ष 1992-93 से 1993-94 के दौरान आयातित उर्वरकों की मात्रा और उर्वरकों के आयात पर सरकार के खाते से विदेशी मुद्रा के बहिर्गमन का एक विवरण पत्र संलग्न है। (**नीचे** देखिए)।

(ग) यूरिया, डाइअमोनियम फास्फेट (डीएपी) और म्यूरीऐट आफ पोटाश (एमओपी) मुख्य उर्वरक हैं, जो आयात किए जाते हैं। वर्तमान में, केवल यूरिया ही मूल्य और संचलन नियंत्रण के अन्तर्गत आता है। इसका आयात एमएमटीसी लि० के माध्यम से सरणीबद्ध किया जाता है। डीएपी और एमओपी की तरह के मुख्य उर्वरकों का आयात असरणीबद्ध है और कोई भी इसका किसी भी स्रोत से कितनी ही मात्रा में आयात करने के लिए स्वतन्त्र है।

विवरण

उर्वरकों का आयात

वर्ष	उर्वरकों का आयात (न्यूट्रियेंट लाख टन)			सरकार के लेखे में उर्वरकों का आयात (न्यूट्रियेंट लाख टन)			सरकार के लेखे में आयातों पर लागत और भाड़ा मूल्य (मिलियन अमेरिकी डालर)
(1)	(2)			(3)			(4)
	एन	पी	के	एन	पी	के	
1991-92	5.66	9.67	12.36	5.66	9.67	12.36	606
1992-93	11.56	7.38	10.82	11.37	6.89	10.82	718
1993-94	15.88	7.22	8.57	13.06	7.22	4.31	358